दैनिक ऑनलाइन अखबार

# राजस्थान फर्स्ट न्यूज

आप भी अपने से जुड़े समाचार, लेख तथा सुझाव भेजने के लिए कृपया नीचे दिए गए व्हाट्सऐप नंबर पर संपर्क करें।
9462667614

वर्ष 1, अंक 11 | गुरूवार | बीकानेर 02 अप्रैल, 2026

## हनुमान जन्मोत्सव पर जय श्री राम के उद्घोष





**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** आज हनुमान जन्मोत्वस पर देशभर में कार्यक्रम जारी है। इसी क्रम में बीकानेर के श्री बजरंग धोरा धाम में 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन भक्तिमय वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। दिनभर चले धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

श्री बजरंग धोरा विकास समिति के आशीष दाधीच ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और विशेष सजावट से सजाया गया। सजावट के लिए जयपुर से मंगवाए गए विशेष फूलों ने धाम की शोभा को और भी दिव्य बना दिया। पंडित ब्रजमोहन दाधीच द्वारा हनुमान प्रतिमा का विधिवत अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया तथा भव्य दरबार सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर मंदिर के संस्थापक रामचंद्र दाधीच की पुण्य स्मृति में, तथा ओमप्रकाश दाधीच एवं सरला देवी दाधीच की मूर्तियों का पूजारी परिवार द्वारा विधिवत पूजन किया गया। मंदिर के प्रधान पुजारी मनमोहन दाधीच ने बताया कि दोपहर 12 बजे महाआरती के पश्चात बाबा को 551 किलो बूंदी प्रसाद का भोग अर्पित किया गया, जिसे बाद में श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। समिति के सचिव आशीष दाधीच ने बताया कि बाबा को छप्पन भोग अर्पित किए गए तथा सायंकाल 7:45 बजे भव्य आरती का आयोजन हुआ। मेले के दौरान लक्ष्मण पारीक एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया, जिसमें श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। अनुज दाधीच ने बताया कि भक्तों की सुविधा के लिए कार्यकर्ताओं की विशेष टीम तैनात रही। मंदिर समिति एवं प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा के 24 घंटे दर्शन खुले रहे, जिसका लाभ हजारों श्रद्धालुओं ने लिया। साथ ही सेवादारों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए चाय, पानी एवं नाश्ते की निःशुल्क व्यवस्था भी पूरे समय जारी रही, जो सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण बनी।

## हैड पोस्ट ऑफिस को एक महीने में तीसरी बार उड़ाने की धमकी



**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** बीकानेर में लगातार बम की धमकी से भरे संदेश आ रहे है। बीते करीब एक महीने में आज चौथी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जिनमें तीन बार तो हैड पोस्ट ऑफिस को उड़ाने की धमकी मिली है। वहीं एक बार कोर्ट परिसर को उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। आज 2 अप्रैल को एक बार फिर हैड पोस्ट ऑफिस को उड़ाने की धमकी मिली है। जिसके बाद हैड पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे परिसर को खाली कर दिया है। हैड पोस्ट ऑफिस से जुड़े अधिकारी ने बताया कि जैसे ही इसकी सूचना हमें मिली तो तुरंत प्रभाव से पुलिस को इसकी जानकारी दी है और एतिहात के तौर पर बिल्डिंग को खाली कर दिया गया है। बता दे कि एक महीने में तीसरी बार है जब हैड पोस्ट ऑफिस को उड़ाने की धमकी मिली है। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सर्च चलाया गया। सर्च के बाद मौके पर कुछ भी नहीं मिला। इस दौरान पोस्ट ऑफिस से जुड़े कर्मचारी और अधिकारी भी भय के माहौल में दिखे।

## जैतपुरा में हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विशाल भंडारा आयोजित



**राजस्थान फर्स्ट न्यूज, बीकानेर।** श्रीबालाजी सेवा समिति जैतपुरा के सौजन्य से नवनिर्मित श्री बालाजी महाराज मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आज भव्य कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे,वैदिक आरोग्य हवन,महाआरती का आयोजन समाजसेवी महिपाल धारीवाल जैतपुरा, कमलेश देवी धारीवाल के सपत्नि‍क मुख्य आतिथ्य में समारोहपूर्वक हुआ। मातृशक्ति ग्रामीणजनों,युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी ग्रामीणजनों ने नाचते गाते जयघोष लगाते हुए आचार्य ललित शर्मा के सानिध्य में आर्यन, सुनील, नवरत्,सोनू शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा व महाआरती कर प्रसाद वितरण किया । जिला पर्यावरण संयोजक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने वैदिक वंदना ग्राम विकास गीत प्रस्तुत कर सभी उपस्थितजनों को अन्न जागरूकता व भूमि सुपोषण पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई आयोजन समिति के अध्यक्ष मास्टर रामप्रताप जांदु, सचिव सूबेदार संतोष कुमार स्योरान, कोषाध्यक्ष योगाचार्य रणसिंह उपयोगी, शिक्षाविद् राजपाल स्वामी, फौजी वेदप्रकाश पूनिया, विभाग संघचालक अशोक सिंह खेतड़ी, जिला कार्यवाह बृज मोहन कारगवाल, जिला प्रचारक दर्शन , खण्ड विस्तारक श्रियांश, आदि सहित आसपास के ग्रामीणजनों की उत्साहपूर्वक सहभागिता रही। इस दौरान जागरण के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## पचीसिया ने की संभागीय आयुक्त से मुलाकात



**राजस्थान फर्स्ट न्यूज, बीकानेर।** बीकानेर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा से मुलाकात कर कृषि उपज मंडी समिति नोखा द्वारा आवंटन में देरी से उत्पन्न विसंगति से निजात दिलवाने बाबत ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में बताया गया कि कृषि उपज मंडी समिति नोखा द्वारा 177 भूखंडों के आवंटन की विज्ञप्ति 23.12.2022 को निकाली गई थी। जिसमें आवंटन दिनांक का भी कोई उल्लेख नहीं था तथा विज्ञप्ति में एकमुश्त लीज राशि का विवरण स्पष्ट रूप से आरक्षित दर का 10 प्रतिशत बताया गया था। जबकि कृषि उपज मंडी समिति नोखा द्वारा उक्त आवंटन की प्रक्रिया को आवेदनकर्ताओं की सहमति लिए बिना 20.02.2026 को आवंटन की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। जबकि कृषि उपज मंडी समिति नोखा द्वारा आवंटन आवेदन विज्ञप्ति निकालने के समय डीएलसी दर 2031.00 रूपये प्रति वर्गफुट थी । आवेदनकर्ताओं द्वारा उक्त आवेदन अनिश्चित समयावधि के लिए नहीं किया गया था तथा इसमें आवंटन की देरी की जिम्मेवारी कृषि उपज मंडी समिति नोखा की है। इसलिए आवंटन की आरक्षित दर 23.12.2022 के समय की डीएलसी दर को माना जाए तथा आवेदन प्रपत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेखित एकमुश्त लीज राशि आरक्षित दर की 10% के हिसाब से ही ली जानी चाहिए।

## जिला कलक्टर निशांत जैन ने किया पदभार ग्रहण



**राजस्थान फर्स्ट न्यूज, बीकानेर।** बीकानेर जिला कलक्टर निशांत जैन ने आज जिला कलक्टर के पद पर पदभार ग्रहण किया। इससे पहले जैन ने देवी माँ करणी जी के दर्शन किए। पदभार ग्रहण करने के बाद कलक्टर ने कहा कि बीकानेर को और आगे ले जाएंगे। जैन ने पदभार ग्रहण करने के बाद सभी विभागों की बैठक ली।

जैन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी तरह से पेट्रोलियम पदार्थो के लिए पैनिक ना हो। सभी सामान का पर्याप्त स्टॉक है। जैन ने विभिन्न विभागों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है ।

## विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर आयोजित हुई गोष्ठी और पुरस्कार वितरण आयोजित




**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** न्यूरो डायवर्सिटी (कोग्निलीप) सेंटर पर आज विश्व ऑटिज्म दिवस मनाया गया। अनके बच्चों में मानसिक विकास संबंधी असामान्य अवस्था विभिन्न व्यवहारों में परिलक्षित होती हैं। ऐसे बच्चों के मानसिक विकास संबंधी समस्याओं के उपचार हेतु डॉ. परज सिंघवी गत दस वर्षों से प्रयासरत हैं। डॉ. सिंघवी ने बताया कि बच्चों का बिहेविरियल (आचारगत) एवं ऑक्यूपेशनल (व्यवसायगत) थेरेपी के द्वारा उपचार किया जा रहा है। डॉ. सिंघवी ने कहा कि हर बच्चे में एक विशेष प्रतिभा होती है, आवश्यकता है पहचानने और सही दिशा देने की।

इस अवसर पर उक्त चिकित्सा केंद्र पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। उपचाराधीन बच्चों के लिए विविध खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उनके अभिभावकों के साथ संवाद किया गया एवं बच्चों की समस्याओं के निराकरण हेतु विचार विमर्श किया गया। बीकानेर स्थित इस सेंटर पर विगत समय में, 12 बच्चे पूर्णतः स्वस्थ हुए हैं। दिल्ली से आई हुई वरिष्ठ चिकित्सक अरूणा ने कहा कि उन्होंने दिल्ली में अनेक केंद्रों पर करीब 500 से अधिक बच्चों के साथ काम किया है परन्तु प्रथम बार इस सेंटर पर बच्चों का पूर्णतः स्वस्थ होते हुए देखा है। सेंटर की कोर्डिनेटर ऋषिता सिंघवी ने सेंटर की गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी दी। सेंटर के निदेशक डॉ. परज सिंघवी ने बताया कि अब दिल्ली के तीन अनुभवी थेरेपिस्ट इस सेंटर से जुड़ गये हैं। तीन एकड़ में फैले इस सेंटर पर बच्चों के लिए वेजिटेबल फार्मिंग, स्वीमिंग पूल, कैफे, जिम आदि की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इंस्टीट्यूट और विहेविरियल ट्रेनिंग, फ्लोरीडा (यू.एस.ए.) के द्वारा विहेविरियल थेरेपिस्ट रजिस्टर्ड किया गया है।

## बार एसोसिएशन बीकानेर की आमसभा आयोजित, वरिष्ठ अधिवक्ता आर.के. दास गुप्ता सभापति निर्वाचित




**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** आज बार एसोसिएशन, बीकानेर के अध्यक्ष अजय कुमार पुरोहित के नेतृत्व में एक आम सभा का आयोजन न्यायालय परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। इस सभा में उपस्थित समस्त अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता रामकृष्ण दास गुप्ता को बार एसोसिएशन, बीकानेर का सभापति निर्वाचित किया। तत्पश्चात नवनिर्वाचित सभापति द्वारा बार एसोसिएशन, बीकानेर के बजट, संविधान संशोधन तथा वेबसाइट निर्माण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। आम सभा में बार एसोसिएशन के बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही, संविधान संशोधन हेतु बार अध्यक्ष द्वारा 21 सदस्यीय संविधान संशोधन समिति का गठन किया गया। उक्त समिति को आवश्यक संशोधनों के संबंध में अपने सुझाव 23 अप्रैल तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त, बार अध्यक्ष द्वारा बार एसोसिएशन की वेबसाइट निर्माण का प्रस्ताव भी सभा पटल पर रखा गया। उन्होंने अवगत कराया कि वर्तमान समय में वेबसाइट एक आवश्यक माध्यम बन चुकी है। इस प्रस्ताव को भी समस्त अधिवक्ताओं द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इस आम सभा में सचिव हेमन्त सिंह चौहान, उपाध्यक्ष लेखराम धत्तरवाल, रक्षपाल विश्णोई, धर्मेन्द्र वर्मा, मनीष गौड़, कोषाध्यक्ष सुधीर श्रीमाली, वरिष्ठ अधिवक्ता धन्ने सिंह, रामकृष्ण दास गुप्ता, बच्छराज कोठारी, गणेश चौधरी, दौलत सिंह, जगदीश प्रसाद, भागीरथ मान, रविकान्त वर्मा, ओमप्रकाश, कुलदीप शर्मा, सतपाल साहू, सुरेन्द्रपाल शर्मा, विमला सुरोलिया, लक्ष्मीकांत रंगा, कमल नारायण, विवेक शर्मा, आशु पारिक, तेजकरण सिंह सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।